# अध्याय - 3 चुनावी राजनीति

## स्मरणीय तथ्य

- हमें चुनाव की जरूरत इसलिए होती है क्योकि चुनाव के द्वारा हम अपने शासक खुद चुन सकते हैं। इसलिए ज्यादातर लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाओं में लोग अपने प्रतिनिधियो के माध्यम से ही शासन करते हैं।
- चुनाव लोकतंत्र का एक अभिन्न अंग होता है क्योंकि चुनावों के माध्यम से ही लोग अपने जनप्रतिनिधियों को चुनते हैं ताकि सरकार का गठन हो और बाकी कामकाज हों । भारत में चुनाव किसी महोत्सव से कम नहीं होते हैं ।
- **आम चुनाव :** पाँच साल बाद सभी चुने हुए प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, लोकसभा और विधानसभाएँ भंग हो जाती हैं, फिर सभी चुनावी क्षेत्रों में होने वाला चुनाव 'आम चुनाव' कहलाता है ।
- **उपचुनाव :** किसी क्षेत्र के सदस्य की मृत्यु या इस्तीफे से खाली सीट के लिए चुनाव 'उपचुनाव' कहलाता है।
  - लोकतान्त्रिक चुनावों के लिए ज़रूरी न्यूनतम शर्ते:-
  - सभी वयस्कों को मताधिकार।
  - चुनावों में विकल्प उपलब्ध हो।
  - चुनाव नियमित अंतराल पर हो।
  - स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव।
- निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरण :-
  - चुनाव की घोषणा।
  - राजनीतिक दलों के द्वारा प्रत्याशियों का चयन।
  - प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र भरना।
  - निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव-चिन्हों का आबंटन।
  - राजनीतिक दलों द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करना।
  - राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव अभियान।
  - मतदान।
  - मतों की गणना।
  - परिणामों की घोषणा।
- **निर्वाचन क्षेत्र या सीट :** चुनाव के उद्देश्य से देश को अनेक क्षेत्रों में बाँट लिया गया है, इन्हें निर्वाचन क्षेत्र या सीट कहते हैं।
- **लोकसभा चुनाव में कुल सीटें :** लोकसभा में कुल 543 सीटें हैं। अनुसूचित जातियों के लिए 84 और अनुसूचित जनजातियों के लिए 47 सीटें आरक्षित हैं।
- **सबसे बड़ा एवं सबसे छोटा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र :** क्षेत्र के अनुसार देश का सबसे बड़ा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र लद्दाख और सबसे छोटा चांदनी चौक है।
- **मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) :** मतदान की योग्यता रखने वाले लोगों की सूची को मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) कहते हैं।
- **मतदान के लिये योग्य उम्र :** 18 वर्ष और उससे ऊपर की आयु वाले सभी नागरिक वोट डाल सकते हैं । यानी मतदान की योग्यता रखते हैं।
- **उम्मीदवार बनने की न्यूनतम उम्र :** 25 वर्ष
- **टिकट :** पार्टी के मनोनयन को सामान्य भाषा में टिकट कहते है।
- चुनाव अभियान के विभिन्न माध्यम या साधन :
  - पोस्टर लगाना।
  - सभाएं करना।
  - भाषण देना।
  - जुलूस निकालना।
  - घर–घर प्रचार करना।
- प्रसिद्ध चुनावी नारे :-
  - गरीबी हटाओ - इंदिरा गाँधी
  - लोकतंत्र बचाओ- जनता पार्टी
  - जमीन जोतनेवाले को- वामपंथी दल
  - तेलुगु स्वाभिमान - तेलुगु देशम पार्टी
- **चुनाव आयोग :** भारत में चुनाव संपन्न कराने का कार्य एक निष्पक्ष व स्वतंत्र इकाई करती है जिसे चुनाव आयोग कहते हैं।
- भारतीय चुनाव आयोग के अधिकार :
  - चुनाव अधिसूचना जारी करने से लेकर नतीजों की घोषणा तक चुनाव प्रक्रिया का संचालन।
  - आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू करना तथा उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और पार्टियों को दण्डित कारना।
  - चुनावों के दौरान सरकार को दिशा- निर्देश मानने का आदेश देना।
  - सरकारी अधिकारियों को अपने अधीन करके उनसे कार्य लेना।
  - जिन मतदान केन्द्रों पर मतदान लोकतांत्रिक तरीके नहीं से हुआ हो, वहाँ दोबारा चुनाव करवाना।
- भारतीय चुनाव आयोग के सामने चुनौतियाँ :
  - ज़्यादा रूपये – पैसे वाले उम्मीदवारों और पार्टियों के गलत तरीकों पर रोकथाम।
  - आपराधिक पृष्ठभूमि और संबंधों वाले उम्मीदवारों पर लगाम कसना।
  - पारिवारिक संबंधों की बुनियाद पर टिकट मिलने पर रोकथाम।
  - मतदाता को चुनने के लिए ज्यादा से ज्यादा विकल्प उपलब्ध

करना।

- छोटे दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों की परेशानियों का निपटारा।

➢ भारतीय चुनाव आयोग स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए कदम उठाएगा:-

- चुनाव से पूर्व मतदाता सूचियों को ठीक करना।
- सरकारी मशीनरी के दुरूपयोग पर नियंत्रण।
- मतदाताओं के लिए पहचान पत्र।
- चुनाव याचिका का जल्द निपटारा।
- चुनाव में धन- बल के प्रयोग की जाँच।
- **आचार संहिता :** चुनाव अभियान के समय राजनीतिक दलों द्वारा पालन किए जाने वाले नियमों को चुनाव आचार संहिता कहा जाता है।

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. भारत में वोट देने की न्यूनतम उम्र सीमा क्या है ?**

a. 18 वर्ष b. 21 वर्ष
c. 22 वर्ष d. 24 वर्ष

**2. भारत में लोकसभा में उम्मीदवार बनने की न्यूनतम उम्र सीमा क्या है?**

a. 18 वर्ष b. 22 वर्ष
c. 25 वर्ष d. 35 वर्ष

**3. चुनाव में मतदान की योग्यता रखने वालों की एक सूची प्रकाशित की जाती है, जिसे किस नाम से जानते हैं ?**

a. उम्मीदवार सूची b. मतदाता सूची
c. जनणगना सूची d. इनमें से कोई नही

**4. भारत में लोकसभा के लिए कितनी निर्वाचित सीटें हैं?**

a. 445 b. 543
c. 545 d. 550

**5. चुनाव में उम्मीदवार या राजनीतिक पार्टियो इनमें से क्या कर सकते हैं?**

a. मतदाता को घूस देना , प्रलोभन देना , या धमकी देना।
b. निर्वाचन आयोग के निर्देशनुसार अपना प्रचार –प्रसार करना।
c. चुनावी अभियान में सरकारी संस्थाओ का इस्तेमाल करना।
d. चुनावी प्रचार के लिए किसी धार्मिक स्थल का उपयोग करना

**6. लोकदल नामक पार्टी का गठन किसने किया ?**

a. विपिन चन्द्र पाल b. लाल बहादुर शास्त्री
c. महात्मा गाँधी d चौधरी देवी लाल

**7. 1987 ई. के विधानसभा के चुनाव में हरियाणा में किसकी सरकार बनी थी ?**

a. भारतीय जन संघ b. लोक दल
c. कांग्रेस d. इनमें से कोई नहीं।

**8. लोकतांत्रिक चुनावों के संबंध में से कौन सा कथन गलत है ?**

a. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनाव।
b. केवल कुछ पार्टियों को ही चुनाव में उतरने की आजादी।
c. नए चुनाव का नियमित अंतराल में होना।
d. चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पूर्ण होना।

**9. राजनीतिक प्रतिद्वंदिता के संबंध में निम्न में से कौन सा कथन गलत है!**

a. इससे पार्टी पॉलिटिक्स की प्रवृति में वृद्धि होती है।
b. चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष होते हैं।
c. समाज और देश की सेवा की इच्छा रखने वाले राजनीतिज्ञों का मोह भंग होता है।
d. पार्टियों एक दूसरे के खिलाफ आरोप लगाती है।

**10. भारत में चुनाव कितने वर्षो के अन्तराल में होती है ?**

a. 3 वर्ष b. 5 वर्ष
c. 6 वर्ष d. 7 वर्ष

**11. लोकसभा में अनुसूचित जातियों के लिए कितनी सीटें आरक्षित है ?**

a. 100 b. 84
c. 56 d. 92

**12. लोकसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए कितनी सीटे आरक्षित है ?**

a. 47 b. 56
c. 23 d. 66

**13. ग्रामीण व शहरी, स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए कितनी सीटें आरक्षित हैं?**

a. दो तिहाई b. एक चौथाई
c. एक तिहाई d. तीन चौथाई

**14. भारतीय चुनावों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है –**

a. भारत में चुनाव, सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार के आधार पर होते हैं।
b. 18 वर्ष या उससे ज्यादा उम्र के लोगों को चुनाव में वोट डालने का अधिकार होता है।
c. जाति, धर्म, लिंग के आधार पर मतदान के अधिकार से लोगों को वंचित नहीं किया जाता है।
d. उपरोक्त सभी।

**15. चुनाव प्रचार की आदर्श आचार- संहिता किसके द्वारा लागू की जाती है ?**

a. सरकार द्वारा b. न्यायपालिका द्वारा
c. चुनाव आयोग द्वारा d. इनमें से कोई नहीं।

**16. भारत में मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है ?**

a. लोकसभा सदस्यों के द्वारा
b. राज्य सभा सदस्यों के द्वारा
c. जनता द्वारा
d. राष्ट्रपति द्वारा

**17. भारत में चुनाव प्रक्रिया का संचालन किसके द्वारा किया जाता है ?**

a. सरकार द्वारा b. न्यायपालिका द्वारा
c. चुनाव आयोग द्वारा d. इनमें से कोई नही

**18. भारत के चुनाव आयोग को किसके समान आजादी प्राप्त है ?**

a. विधायिका b. न्यायपालिका
c. कार्यपालिका d. इनमें से कोई नही

**19. मतदाता सूची का निर्माण निम्नलिखित में से कौन करता है ?**

a. लोकसभा b. चुनाव आयोग
c. सर्वोच्च न्यायालय d. इनमें से कोई नहीं।

**20. जो उम्मीदवार बिना पार्टी के चिन्ह, और बिना पार्टी के समर्थन से चुनाव लड़ता हो, उसे क्या कहा जाता है ?**

a. दलीय उम्मीदवार b. मनोनीत उम्मीदवार
c. निर्दलीय उम्मीदवार d. इनमें से कोई नहीं।

**21. चुनाव आयोग निम्नलिखित में से कैसी संस्था है?**

a. राजनैतिक संस्था b. संवैधानिक संस्था
c. सामुदायिक संस्था d. इनमें से कोई नहीं।

**22. निम्नलिखित में कौन लोकतांत्रिक चुनाव का शर्त नहीं है ?**

a. हर व्यक्ति को चुनाव लड़ने की स्वतंत्रता हो
b. हर व्यक्ति साक्षर हो
c. चुनाव में विकल्प हो
d. चुनाव स्वतंत्र एवं निष्पक्ष हो

**23. भारत में मतदाता सूची में नाम होने के लिए न्यूनतम उम्र क्या है ?**

a. 16 वर्ष b. 18 वर्ष
c. 20 वर्ष d. 22 वर्ष

**24. चुनाव आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल है-**

a. 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
b. 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
c. 7 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो
d. 8 वर्ष या 65 वर्ष की आयु जो भी पहले हो

**25. जब लोग स्वयं शासन में भाग लेते हैं, तो ऐसी शासन व्यवस्था को क्या कहते हैं-**

a. प्रत्यक्ष लोकतंत्र b. अप्रत्यक्ष लोकतंत्र
c. गैर लोकतंत्र d. इनमें से कोई नही

**26. एकल निर्वाचन क्षेत्र में, एक क्षेत्र से कितने उम्मीदवार चुनाव जीतते हैं ?**

a. 4 b. 3
c. 2 d. 1

**27. लोकतंत्र में फैसला किसके द्वारा लिए जाते हैं ?**

a. जनप्रतिनिधियों द्वारा b. न्यायधीशों द्वारा
c. पुलिस द्वारा d. इनमें से कोई नहीं।

**28. चुनाव क्यों होते हैं, इस बारे में इनमें से कौन सा वाक्य सही नहीं है –**

a. चुनाव लोगों को सरकार के कामकाज का फैसला करने का अवसर देते हैं।
b. लोग चुनाव में अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव करते हैं।
c. चुनाव लोगों को न्यायपालिका के कामकाज का मूल्यांकन करने का अवसर देते हैं ।
d. लोग चुनाव में अपनी पसंद की नीतियां बनाते हैं।

**29. भारत के चुनाव लोकतांत्रिक है ,यह बताने के लिए इनमें कौन सा वाक्य सही कारण नहीं देता है-**

a. भारत में दुनिया का सबसे कम मतदाता है
b. भारत में चुनाव आयोग काफी शक्तिशाली है
c. भारत में 18 वर्ष से अधिक उम्र का हर व्यक्ति मतदाता है
d. भारत में चुनाव हारने वाली पार्टियां जनादेश स्वीकार कर लेती है।

**30. लोकसभा में कितनी सीटों पर सामान्य उम्मीदवार निर्वाचित हो सकते हैं-**

a. 47 b. 84
c. 412 d. 543

**31. लोकसभा में कुल कितनी सीटें हैं?**

a. 412 b. 443
c. 543 d. 545

**32. भारत के किस राज्य में सबसे अधिक लोकसभा की सीटें हैं?**

a. बिहार b. उत्तर प्रदेश
c. प. बंगाल d. महाराष्ट्र

**33. लोकसभा में कितनी सीटें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को लिए आरक्षित की गई हैं-**

a. 47 b. 84
c. 131 d. 412

**34. लोकसभा के कितने सीटों पर आंग्ल इंडियन समुदाय के लोगों को मनोनित किया जाता है ?**

a. एक b. दो
c. बारह d. बीस

**35. भारत के आठ केन्द्र शासित प्रदेशों में से, सबसे अधिक किस केन्द्र शासित प्रदेश में लोकसभा की सीटें हैं ?**

a. अंडमान-निकोबार द्वीप समूह
b. दिल्ली
c. लक्ष्यद्वीप
d. पुडूचेरी

**36. झारखण्ड में लोकसभा की कितनी सीटें है ?**

a. छ: b. दस
c. चौदह d. सत्रह

**37. भारत का प्रधानमंत्री बनने के लिए न्यूनतम उम्र सीमा क्या है?**

a. 21 वर्ष  b. 25 वर्ष

c. 30 वर्ष  d. 35 वर्ष

**38. सरकारी अधिकारी चुनावों में किसके आदेश का पालन करते हैं ?**

a. न्यायालय  b. सरकार

c. संसद  d. चुनाव आयोग

**39. किसे वोट देने का अधिकार नहीं हैं ?**

a. पागल या मानसिक विकलांगों को

b. नाबालिकों को

c. न्यायालय द्वारा दिवालिया घोषित

d. उपर्युक्त सभी

**40. भारत में निम्नलिखित में किस कारण-वश चुनाव की आवश्यकता पड़ती है ?**

a. सरकार की आय में वृद्धि के लिए

b. अपने प्रतिनिधियों के चयन के लिए

c. सरकारी नौकरी में जाने के लिए

d. इनमें से कोई नहीं।

**41. लोकतांत्रिक देशों में चुनावों के महत्व के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है ?**

a. अच्छे प्रतिनिधियों का चयन

b. सरकार को वैधानिक मान्यता

c. तानाशाही में वृद्धि

d. शासन में भागीदारी

**42. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य, चुनाव आयोग का नहीं है ?**

a. राष्ट्रपति का चुनाव कराना

b. चुनाव आचार संहिता लागू करना

c. चुनाव कार्य में लगे अधिकारियों पर नियंत्रण

d. चुनाव के समय पार्टी का प्रचार करना

**43. लोकसभा एवं विधानसभा का चुनाव कितने वर्षों के अन्तराल पर होता है ?**

a. 6 वर्ष  b. 5 वर्ष

c. 10 वर्ष  d. 7 वर्ष

**44. उम्मीदवारों द्वारा चुनाव-प्रचार, चुनाव प्रारम्भ के कितने घंटे पहले समाप्त हो जाता है ?**

a. 48 घंटे  b. 24 घंटे

c. 2 घंटे  d. 72 घंटे

**45. लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था वाले देशों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सही नहीं है ?**

a. सभी लोगों को चुनाव लड़ने और मतदान करने का अधिकार

b. चुनाव में विकल्प का होना

c. नियमित अंतराल पर नियत चुनाव हो

d. किसी एक पार्टी के लिए मतदान करने पर मजबूर करना

**46. निम्नांकित में, कौन सा कथन गलत है ?**

a. भारत में सत्ताधारी दल के लिए चुनाव जीतना बिल्कुल आसान है।

b. भारत में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव आयोग के पास पर्याप्त अधिकार है।

c. स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हो, इसके लिए जनता की भी भागीदारी आवश्यक है।

d. भारत में होने वाले चुनाव में आम लोगों की जबरदस्त भागीदारी होती है।

**47. निम्नलिखित में से कौन स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव की चुनौतियाँ नहीं हैं-**

a. रूपया-पैसा के बल पर चुनाव जीतना।

b. आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों के द्वारा चुनाव लड़ना।

c. नियमित अंतराल पर चुनाव होना।

d. राजनीतिक दलों पर पारिवारिक नियंत्रण।

**48. चुनाव के समय, चुनाव आयोग के, किन भूमिकाओं से असहमत हैं ?**

a. फोटो पहचान-पत्र एवं अन्य निर्धारित पहचानों के आधार पर ही मतदान हो।

b. चुनाव में सरकारी तंत्र का दुरुपयोग पर रोक

c. चुनाव आयोग को, राजनीतिक दलों द्वारा उम्मीदवार तय करने में हस्ताक्षेप करना चाहिए।

d. चुनाव आयोग द्वारा मतदान के लिए लोगों को प्रेरित करना चाहिए।

**49. निर्वाचन क्षेत्रों को आरक्षित करने का "आधार" होता है-**

a. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या।

b. सरकार की इच्छा।

c. निर्वाचन आयोग की इच्छा।

d. राजनीतिक दलों की इच्छा।

**50. चुनाव में उम्मीदवारों को इनमें से कौन-सा कार्य करने का छूट प्राप्त है-**

a. चुनाव प्रचार के लिए धर्म स्थल का उपयोग।

b. सरकारी वाहन का उपयोग करने की छूट।

c. विद्यालय के मैदान में सभा आयोजित करने की छूट।

d. चुनाव घोषणा के बाद बड़ी योजना का शिलान्यास।

**51. इनमें से कौन सा कार्य आदर्श चुनाव आचार-संहिता का उल्लंघन नहीं है?**

a. एक उम्मीदवार ने वादा किया कि उनके चुने जाने पर वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में नई रेलगाड़ी चलवाएगा।

b. किसी उम्मीदवार के समर्थकों द्वारा झुग्गी बस्ती में वोट के वायदे लेकर कंबल बांटना।

c. एक उम्मीदवार के समर्थकों द्वारा मतदाताओं को एक मंदिर में ले जाकर उनसे उम्मीदवार के पक्ष में वोट देने की शपथ दिलाना।

d. उमीदवार द्वारा चुनाव अभियान में सरकारी संसाधनों का इस्तेमाल।

## बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | 21. | b | 41. | c |
| 2. | c | 22. | b | 42. | d |
| 3. | b | 23. | b | 43. | b |
| 4. | b | 24. | b | 44. | a |
| 5. | b | 25. | a | 45. | d |
| 6. | d | 26. | d | 46. | a |
| 7. | b | 27. | a | 47. | c |
| 8. | b | 28. | c | 48. | c |
| 9. | b | 29. | a | 49. | a |
| 10. | b | 30. | c | 50. | c |
| 11. | b | 31. | d | 51. | a |
| 12. | a | 32. | b | | |
| 13. | c | 33. | c | | |
| 14. | d | 34. | b | | |
| 15. | c | 35. | b | | |
| 16. | d | 36. | c | | |
| 17. | c | 37. | b | | |
| 18. | b | 38. | d | | |
| 19. | b | 39. | d | | |
| 20. | c | 40. | b | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्न

**1. 1982 ई.से 1987 ई. में गठित हरियाणा के कांग्रेस सरकार के विरुद्ध चौधरी देवीलाल ने कौन-सा आंदोलन चलाया?**

**उत्तर-** 1982 ई.से 1987 ई. में गठित हरियाणा के कांग्रेस सरकार के विरुद्ध चौधरी देवीलाल ने 'न्याय युद्ध' नामक आंदोलन चलाया।

**2. 1987 ई. में हुए हरियाणा राज्य विधानसभा चुनाव में लोकदल' को कितनी सीटें मिली ?**

**उत्तर-** 1987 ई. में हुए हरियाणा राज्य विधानसभा चुनाव में लोकदल को 60 सीटें मिली।

**3. लोकदल नामक राजनीतिक पार्टी का गठन किसने किया था?**

**उत्तर-** चौधरी देवीलाल ने लोकदल नामक राजनीतिक पार्टी का गठन हरियाणा में किया था।

**4. हरियाणा में 1991 ई. के विधानसभा चुनाव में किस राजनीतिक पार्टी की जीत हुई?**

**उत्तर-** हरियाणा में 1991ई. के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत हुई।

**5. दुनिया में लगभग कितने देशों में जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए चुनाव होते हैं?**

**उत्तर-** दुनिया में सौ से अधिक देशों में जनप्रतिनिधियों को चुनने के लिए चुनाव होते हैं।

**6. बड़े जनसंख्या या समुदाय' वाले लोकतांत्रिक देशों में किसके द्वारा शासन चलाना उचित है ?**

**उत्तर-** बड़े जनसंख्या या समुदाय वाले लोकतांत्रिक देशों में लोगों के प्रतिनिधियों के माध्यम से शासन चलाना उचित है।

**7. आम चुनाव किसे कहते है?**

**उत्तर-** भारत में लोकसभा और विधान सभाओं के चुनाव हर पाँच (5) साल बाद होते हैं। इसे ही आम चुनाव कहा जाता है।

**8. 'उपचुनाव' किसे कहते हैं ?**

**उत्तर-** कई बार लोकसभा या विधानसभाओं के निर्वाचित प्रतिनिधि या सदस्य की मृत्यु या इस्तीफे से सीट खाली हो जाती है। इस सीट को भरने के लिए जो चुनाव होता है उसे 'उपचुनाव' कहते हैं।

**9. 'गुलबर्गा' लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र किस राज्य में है?**

**उत्तर-** 'गुलबर्गा' लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र' कर्नाटक राज्य में है।

**10. 2014 ई.के लोकसभा के चुनाव में गुलबर्गा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से किसे विजय प्राप्त हुई थी?**

**उत्तर-** 2014 ई.के लोकसभा के चुनाव में गुलबर्गा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से इंडियन नेशनल कांग्रेस के श्री मल्लिकार्जुन खड़गे को विजय प्राप्त हुई थी।

**11. 'निर्वाचन क्षेत्र' किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** चुनाव के उद्देश्य से देश को अनेक क्षेत्रों में बाँट दिया जाता है। इन्हें ही निर्वाचन क्षेत्र कहते हैं।

**12. लोकसभा या राज्य सभा के लिए निर्वाचित या चुने गये प्रतिनिधि किस नाम से जाने जाते है ?**

**उत्तर-** लोकसभा या राज्य सभा के लिए निर्वाचित या चुने गये प्रतिनिधि को सांसद कहा जाता है।

**13. राज्य विधानसभा में निर्वाचित प्रतिनिधि को किस नाम से संबोधित किया जाता है ?**

**उत्तर-** राज्य विधानसभा के लिए निर्वाचित प्रतिनिधि को 'विधायक' नाम से संबोधित किया जाता है।

**14. इनमें से किसका निर्वाचन क्षेत्र बड़ा होता है -**

a. संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का

b. विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का

**उत्तर-** संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बड़ा होता है और एक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कई विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्र आते हैं।

**15. निर्वाचन क्षेत्रों को 'सीट' भी क्यों कहा जाता है?**

**उत्तर-** कई बार निर्वाचन क्षेत्रों' को 'सीट' भी कहा जाता है क्योंकि हर निर्वाचन क्षेत्र संसद या विधानसभा की एक सीट का प्रतिनिधित्व करता है।

**16. संविधान द्वारा लोकसभा और विधान सभा में किन समुदायों के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र की व्यवस्था की गई है ?**

**उत्तर-** संविधान द्वारा लोकसभा और विधानसभा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति समुदाय के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र की व्यवस्था की गई है।

**17. 'अन्य पिछड़े वर्गों' को किस चुनाव में आरक्षण का लाभ मिलने लगा है ?**

**उत्तर-** अनेक राज्यों ने ग्रामीण (पंचायतों) और शहरी (नगरपालिका और नगरनिगमों) के स्थानीय चुनाव में "अन्य पिछड़े वर्गों" के लिए आरक्षण लागू किया है।

**18. ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए कितनी सीटें आरक्षित की गई हैं ?**

**उत्तर-** ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए एक-तिहाई (1/3) सीटें आरक्षित की गई हैं।

**19. 'मतदाता सूची' किसे कहते हैं?**

**उत्तर-** लोकतांत्रिक चुनाव में 'मतदान' की योग्यता' रखने वालों की सूची चुनाव से काफी पहले तैयार कर ली जाती है। इस सूची को मतदाता सूची कहते हैं। आम बोलचाल में इसे 'वोटर लिस्ट' भी कहा जाता है।

**20. मतदाता सूची का पूर्ण नवीनीकरण कितने वर्षों के अंतराल में होता है?**

**उत्तर-** हर पाँच वर्ष में मतदाता सूची का पूर्ण नवीनीकरण किया जाता है।

**21. निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता को कौन-सा कार्ड या पत्र दिया जाता है ?**

**उत्तर-** निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता को फोटो-पहचान-पत्र या कार्ड दिया जाता है।

**22. राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है?**

**उत्तर-** राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को मनाया जाता है।

**22. हमारे देश में निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों को कितना समय चुनाव प्रचार के लिए दिया जाता है ?**

**उत्तर-** हमारे देश मे निर्वाचन आयोग द्वारा उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा होने और मतदान की तारीख के बीच आम तौर पर दो सप्ताह का समय चुनाव प्रचार के लिए दिया जाता है।

**23. इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने 1971 ई. के लोकसभा चुनाव में क्या नारा दिया था ?**

**उत्तर-** इंदिरा गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी ने 1977 ई. के लोकसभा चुनाव में 'गरीबी हटाओ' का नारा दिया था।

**24. 'लोकतंत्र बचाओ' का नारा किसने दिया था?**

**उत्तर-** 1977 ई. में हुए लोकसभा चुनावों में जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में जनता पार्टी ने 'लोकतंत्र बचाओ' का नारा दिया था।

**25. 'जमीन-जोतने वाले को' का नारा किसने दिया था ?**

**उत्तर-** वामपंथी दलों ने 1977ई. में हुए पश्चिम- बंगाल विधानसभा चुनाव में 'जमीन-जोतने वाले को' का नारा दिया था।

**26. 'तेलुगू स्वाभिमान' का नारा किसने दिया था ?**

**उत्तर-** 1983 ई. के आंध्र-प्रदेश के विधानसभा चुनावों में तेलुगु देशम पार्टी के नेता एन.टी.रामाराव ने 'तेलुगु स्वाभिमान' का नारा दिया था।

**27. चुनाव क्यों होते हैं, इस बारे में इनमें से कौन-सा वाक्य ठीक नहीं है?**

a. चुनाव लोगों को सरकार के कामकाज का फैसला करने का अवसर देता है।

b. लोग चुनाव में अपनी पसंद के उम्मीदवार का चुनाव करते हैं।

c. चुनाव लोगों को न्यायपालिका के कामकाज का मूल्यांकन करने का अवसर देते हैं।

d. लोग चुनाव से अपनी पंसद की नीतियाँ बना सकते हैं।

**उत्तर-** c. चुनाव लोगों को न्यायपालिका के कामकाज का मूल्यांकन करने का अवसर देते हैं।

**28. भारत के चुनाव लोकतांत्रिक हैं, यह बताने के लिए इनमें कौन-सा वाक्य सही कारण नहीं देता?**

a. भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा मतदाता हैं।

b. भारत में चुनाव आयोग काफी शक्तिशाली है।

c. भारत में 18 वर्ष से अधिक उम्र का हर व्यक्ति मतदाता है।

d. भारत में चुनाव हारने वाली पार्टियाँ जनादेश स्वीकार कर लेती हैं।

**उत्तर-** a. भारत में दुनिया के सबसे ज्यादा मतदाता हैं।

**29. निम्नलिखित में मेल ढूँढ़े।**

| | |
|---|---|
| a. समय-समय पर मतदाता सूची का नवीनीकरण आवश्यक है ताकि | 1.समाज के हर तबके का समुचित प्रतिनिधित्व हो सके। |
| b. कुछ निर्वाचन क्षेत्र अनु. जाति और अनु. जनजाति के लिए आरक्षित हैं ताकि | 2. हर एक को अपना प्रतिनिधि चुनने का समान अवसर मिले। |
| c. प्रत्येक को सिर्फ एक वोट डालने का हक है ताकि | 3. हर उम्मीदवार को चुनावों में लड़ने का समान अवसर मिले। |
| d. सत्ताधारी दल को सरकारी वाहन के इस्तेमाल की अनुमति नहीं क्योंकि | 4.संभव है कुछ लोग उस जगह से अलग चले गए हो जहाँ उन्होंने पिछले चुनाव में मतदान किया था। |

**उत्तर-**

a. 4 b. 1

c. 2 d. 3

**30. इस अध्याय में वर्णित चुनाव संबंधी सभी गतिविधियों की सूची बनाएं और इन्हें चुनाव में सबसे पहले किए जाने वाले काम से लेकर आखिर तक के क्रम में सजाएँ। इनमें से कुछ मामले हैं: चुनाव घोषणा पत्र जारी करना, वोटों की गिनती, मतदाता सूची बनाना, चुनाव अभियान, चुनाव नतीजों की घोषणा, मतदान, पुनर्मतदान के आदेश, चुनाव प्रक्रिया की घोषणा, नामांकन दाखिल करना।**

**उत्तर-** 1. मतदाता सूची बनाना।

2. चुनाव प्रक्रिया की घोषणा करना।

3. नामांकन दाखिल करना।

4. चुनाव अभियान।

5. चुनाव घोषणा पत्र जारी करना।
6. मतदान।
7. पुनर्मतदान के आदेश।
8. वोटों की गिनती।
9. चुनाव नतीजों की घोषणा।

**31. सुरेखा एक राज्य विधानसभा क्षेत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने वाली अधिकारी है। चुनाव के इन चरणों में उसे किन-किन बातों पर ध्यान देना चाहिए?**

a. चुनाव प्रचार
b. मतदान के दिन
c. मतगणना के दिन

**उत्तर- a.** चुनाव प्रचार में ध्यान देने वाली बातें :-

1. चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन न होने पाए।
2. कोई प्रत्याशी प्रचार में खर्च निर्धारित सीमा से बाहर न कर पाए।
3. प्रचार निर्धारित स्थानों पर किया जाए व पोस्टर भी निर्धारित स्थानों पर लगाए जायें।
4. कोई भी प्रत्याशी उद्घाटन व अन्य चुनावी वायदे आचार संहिता से बाहर न करे।
5. रैलियों व प्रचार के दौरान कोई दल या प्रत्याशी अपमान जनक भाषा का प्रयोग न कर पाए।

**b.** मतदान के दिन ध्यान देने वाली बातें :-

1. अनुमति-पत्र के बिना वाहन न चलें।
2. बूथ कैपचरिंग न होने पाये।
3. कोई भी प्रत्याशी मतदाता से किसी भी प्रकार की जबरदस्ती न कर सके।
4. सही मतदाता ही मतदान करें, फर्जी नहीं।
5. मतदान निष्पक्ष हो तथा कर्मचारियों को कोई बाह्य व्यक्ति प्रभावित न कर पाये।

**c.** मतगणना के दिन ध्यान देने वाली बातें :-

1. सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी न आने पाये।
2. मतगणना निष्पक्ष हो।
3. अनाधिकृत व्यक्ति मतगणना स्थान पर नहीं होने चाहिएं।
4. मतगणना की कोई भी कारक प्रभावित न कर सके।
5. विजयी प्रत्याशी की प्रमाण-पत्र उसी समय दिया जाये ।

**32. नीचे दी गई तालिका बताती है कि अमेरिकी कांग्रेस के चुनावों के विजयी उम्मीदवारों में अमेरिकी समाज के विभिन्न समुदाय के सदस्यों का क्या अनुपात था। ये किस अनुपात में जीते इसकी तुलना अमेरिकी समाज में इन समुदायों की आबादी के अनुपात से कीजिए। इसके आधार पर क्या आप अमेरिकी संसद के चुनाव में भी आरक्षण का सुझाव देंगे? अगर हाँ तो क्यों और किस समुदाय के लिए? अगर नहीं, तो क्यों?**

**समुदाय का प्रतिनिधित्व (प्रतिशत में)**

| | अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में | अमेरिकी समाज में |
|---|---|---|
| अश्वेत | 8 | 13 |
| हिस्पैनिक | 5 | 13 |
| श्वेत | 86 | 70 |

**उत्तर-** अश्वेतों और हिस्पैनिकों की आबादी का प्रतिशत अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के प्रतिशत से ज्यादा है। अतः उन्हें अमेरिकी संसद के चुनाव में आरक्षण लाभ मिलना चाहिए। क्योंकि आरक्षण ही उनकी आबादी के अनुसार उनके समुदाय के सदस्यों को संसद में ले जा सकता है। श्वेतों को आरक्षण की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि उनके सदस्य पहले ही आबादी प्रतिशत से ज्यादा हैं।

**33. क्या हम इस अध्याय में दी गई सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित निष्कर्ष निकाल सकते हैं? उपर्युक्त सभी। पर अपनी राय के पक्ष में दो तथ्य प्रस्तुत कीजिए।**

a. भारत चुनाव आयोग को देश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करा सकने लायक पर्याप्त अधिकार नहीं हैं।
b. हमारे देश के चुनाव में लोगों की जबर्दस्त भागीदारी होती है।
c. सत्ताधारी पार्टी के लिए चुनाव जीतना बहुत आसान होता है।
d. अपने चुनावों को पूरी तरह से निष्पक्ष और स्वतंत्र बनाने के लिए कई कदम उठाने जरूरी हैं।

**उत्तर-** a. भारतीय चुनाव आयोग के पास स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करा सकने लायक पर्याप्त अधिकार हैं क्योंकि:-

1. मुख्य चुनाव आयुक्त को कोई प्रभावित नहीं कर सकता, राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री भी नहीं।
2. सभी चुनाव कर्मचारी चुनाव आयोग के अधीन काम करते हैं और केवल चुनाव आयोग के प्रति उत्तरदायी होते हैं।

b. यह सही है कि भारतीय आम चुनावों में लोगों की भागीदारी जबर्दस्त होती है क्योंकि :-

1. मतदान प्रतिशत में गिरावट नहीं हुई।
2. मध्यम व निम्न वर्ग का मतदान प्रतिशत बढ़ रहा है।

c. यह कथन गलत है क्योंकि :-

1. सत्ताधारी पार्टी अक्सर चुनाव हार जाती है।
2. सरकारी मशीनरी का उपयोग सत्ताधारी पार्टी नहीं कर सकती।

d. भारत में चुनावों को पूरी तरह निष्पक्ष और स्वतंत्र बनाने के लिए निम्न कदम उठाने जरूरी हैं :-

1. शैक्षिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के मतदाताओं को शिक्षित व जागरूक करना ।
2. धन-बल तथा बाहु-बल के प्रयोग पर रोक लगाना।

**34. चिनप्पा को दहेज के लिए अपनी पत्नी को परेशान करने के जुर्म में सजा मिली थी। सतबीर को छुआछूत मानने का दोषी माना गया था। दोनों को अदालत ने चुनाव लड़ने की इजाजत नहीं दी। क्या यह फैसला लोकतांत्रिक चुनावों के बुनियादी**

**सिद्धांतों के खिलाफ जाता है? अपने उत्तर के पक्ष में तर्क दीजिए।**

**उत्तर-** ये फैसले लोकतांत्रिक चुनावों के बुनियादी सिद्धान्तों के खिलाफ नहीं, बल्कि पक्ष में जाते हैं

**क्योंकि :-**

1. दहेज के लिए पत्नी को परेशान करने वाला चिनप्पा सामाजिक बुराईयों को ही बढ़ावा देगा। ऐसे व्यक्ति समाज के प्रतिनिधि नहीं होने चाहिएं।
2. समाज में छुआ-छूत फैलाने वाला सतबीर भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का हनन करने वाला व्यक्ति है। जो व्यक्ति हमारे संविधान के मूल अधिकारों को ही नहीं जानता, उस व्यक्ति का देश की चुनी हुई सरकार में जाना देश के लिए अहितकर है।
3. आपराधिक प्रवृत्ति के लोग व सजायाफ्ता मुजरिमों को चुनाव लड़ने का अधिकार हमारे संविधान ने ही नहीं दिया है।
4. समाज के प्रतिनिधि का आपराधिक गतिविधियों में सजायाफ्ता होना समाज के लिए खतरनाक है। इसलिए अदालत का निर्णय पूर्णतया सही है।

**35. यहाँ दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चुनावी गड़बड़ियों की कुछ रिपोर्ट दी गई हैं। क्या ये देश अपने यहाँ के चुनावों में सुधार के लिए भारत से कुछ बातें सीख सकते हैं?**

प्रत्येक मामले में आप क्या सुझाव देंगे?

a. नाइजीरिया के एक चुनाव में मतगणना अधिकारी ने जान-बूझकर एक उम्मीदवार को मिले वोटों की संख्या बढ़ा दी और उसे जीता हुआ घोषित कर दिया। बाद में अदालत ने पाया कि दूसरे उम्मीदवार को मिले पाँच लाख वोटों को उस उम्मीदवार के पक्ष में दर्ज कर लिया गया था।

b. फिजी में चुनाव से ठीक पहले एक परचा बाँटा गया जिसमें धमकी दी गई थी कि अगर पूर्व प्रधानमंत्री महेंद्र चौधरी के पक्ष में वोट दिया गया तो खून-खराबा हो जाएगा। यह धमकी भारतीय मूल के मतदाताओं को दी गई थी।

c. अमेरिका के हर प्रांत में मतदान, मतगणना और चुनाव संचालन की अपनी-अपनी प्रणालियाँ हैं । सन् 2000 के चुनाव में फ्लोरिडा प्रांत के अधिकारियों ने जॉर्ज बुश के पक्ष में अनेक विवादास्पद फैसले लिए पर उनके फैसले को कोई भी नहीं बदल सका।

**उत्तर-** a. वोटों की गिनती में गड़बड़ी को रोकने के लिए वोटिंग मशीनों का प्रयोग किया जाना चाहिए तथा सभी प्रत्याशियों को मतगणना के दौरान उपस्थित रहना चाहिए।

b. इस प्रकार की धमकियां देने वाले व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल में डाल देना चाहिए तथा मतदाताओं को पूर्ण सुरक्षा प्रदान करनी चाहिए।

c. अमेरिका के हर प्रांत में मतदान, मतगणना और चुनाव संचालन की अलग-अलग प्रणालियाँ गलत हैं। भारत की तरह ही भारतीय चुनाव प्रणाली के अनुसार पूरे अमेरिका में पारदर्शी व समान चुनाव प्रणाली होनी चाहिए।

**36. भारत में चुनावी गड़बड़ियों से संबंधित कुछ रिपोर्ट यहाँ दी गई हैं। प्रत्येक मामले में समस्या की पहचान कीजिए। इन्हें दूर करने के लिए क्या किया जा सकता है?**

a. चुनाव की घोषणा होते ही मंत्री महोदय ने बंद पड़ी चीनी मिल को दोबारा खोलने के लिए वित्तीय सहायता देने की घोषणा की ।

b. विपक्षी दलों का आरोप था कि दूरदर्शन और आकाश वाणी पर उनके बयानों और चुनाव अभियान को उचित जगह नहीं मिली।

c. चुनाव आयोग की जाँच से एक राज्य की मतदाता सूची में 20 लाख फर्जी मतदाताओं के नाम मिले।

d. एक राजनैतिक दल के गुंडे बंदूकों के साथ घूम रहे थे, दूसरी पार्टियों के लोगों को मतदान में भाग लेने से रोक रहे थे और दूसरी पार्टी की चुनावी सभाओं पर हमले कर रहे थे।

**उत्तर-** a. मंत्री महोदय की घोषणा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। इसे रोकने के लिए चुनाव आयोग को उस मंत्री को चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर देना चाहिए। चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रलोभन देना गलत है।

b. विपक्षी दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी पर उचित समय व स्थान न मिलना एक चिंतनीय समस्या है। इसे दूर करने के लिये दूरदर्शन व आकाशवाणी को चुनाव आयोग के अन्तर्गत दे देना चाहिए तथा सभी के लिए समान समय बाँट देना चाहिए।

c. फर्जी मतदाता होना भी एक गंभीर समस्या है। इसे दूर करने के लिए मतदाता सूची तैयार करने वाले कर्मचारी व अधिकारी निष्पक्ष एवं केन्द्र सरकार के होने चाहिए।

d. चुनावों में बाहु-बल का प्रयोग एक भयंकर समस्या है। इसे रोकने के लिए केन्द्रीय सुरक्षाबलों की तैनाती सभी मतदान केन्द्रों पर की जानी चाहिए तथा सुरक्षा-टुकड़ियों की पट्रोलिंग भी मतदान के दौरान प्रति आधा घण्टा होनी चाहिए।

**37. जब यह अध्याय पढ़ाया जा रहा था तो रमेश कक्षा में नहीं आ पाया था। अगले दिन कक्षा में आने के बाद उसने अपने पिताजी से सुनी बातों को दोहराया।क्या आप रमेश को बता सकते हैं कि उसके इन बयानों में क्या गड़बड़ी है?**

a. औरतें उसी तरह वोट देती हैं जैसा पुरुष उनको कहते हैं। इसलिए उनको मताधिकार देने का कोई मतलब नहीं है।

b. पार्टी-पॉलिटिक्स से समाज में तनाव पैदा होता है। चुनाव में सबकी सहमति वाला फैसला होना चाहिए, प्रतिद्वंद्विता नहीं होनी चाहिए।

c. सिर्फ स्नातकों को ही चुनाव लड़ने की इज़ाजत होनी चाहिए।

**उत्तर-** a. सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार आवश्यक है। औरतें भी अपनी मर्जी से मतदान करती हैं। शिक्षित औरतें बिल्कुल आंख बंद कर, बिना सोचे-समझे पुरूषों की बात नहीं मानतीं।

b. सबकी सहमति होना मुश्किल व समय अधिक लगने वाला काम है। पार्टी पॉलिटिक्स से पैदा होने वाला तनाव समय के साथ दूर हो जाता है

c. अगर ऐसा हुआ तो समानता का मौलिक अधिकार समाप्त हो जायेगा। चुनाव में अनपढ़ या कम पढ़े लिखे उम्मीदवार भी स्नातकों से अधिक लोकप्रिय हो सकते हैं।

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**1. चौधरी देवीलाल किस राज्य के मुख्यमंत्री थे ? सत्ता पर आते ही उन्होंने क्या कार्य किये ?**

**उत्तर-** 1987 ई. में हरियाणा राज्य विधान सभा के लिए चुनाव हुए।चौधरी देवीलाल की पार्टी लोकदल ने कांग्रेस पार्टी को हराया और पूर्ण-बहुमत प्राप्त किया।सत्ता पर आते ही मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के तत्काल बाद उनकी सरकार ने एक आदेश जारी करके छोटे किसान, खेतिहर मजदूर और छोटे व्यापारियों के बकाया ऋण को माफ कर दिया।

**2. प्रतिनिधित्व वाले लोकतंत्र में मतदाता, उम्मीदवार का चुनाव किस तरह से कर सकते हैं?**

**उत्तर-** प्रतिनिधित्व वाले लोकतंत्र में मतदाता उम्मीदवार का चुनाव कई तरह से करते हैं-

a. मतदाता, अपने लिए कानून बनाने वाले उम्मीदवार का चुनाव कर सकते हैं।

b. वे सरकार बनाने और बड़े फैसले करने वाले प्रतिनिधि का चुनाव कर सकते हैं।

c. मतदाता अपने मनपसंद के राजनीतिक पार्टी का चुनाव कर सकते हैं। जो सरकार का निर्माण कर मतदाता के अनुरूप कानून बनायें या कानून बनाने के लिए दिशा-निर्देश दे ।

**2. किसी देश में लोकतांत्रिक चुनाव के लिए जरूरी' न्यूनतम शर्तें क्या होनी चाहिए?**

**उत्तर-** किसी देश में लोकतांत्रिक चुनाव के लिए निम्नलिखित न्यूनतम शर्तें होनी चाहिए-

a. देश के हर नागरिक को सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार प्राप्त हो। हर किसी के मत का समान मोल हो ।

b. विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को चुनाव में उतरने की आजादी हो ताकि मतदाता के सामने विकल्प उपलब्ध रहे।

c. नियमित अंतराल पर नए चुनाव कराया जाए।

d. मतदाता जिस उम्मीदवार को बहुमत दे, चुनाव उसी का होना चाहिए।

e. चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से कराया जाए। इसके लिए देश में एक स्वतंत्र निष्पक्ष और अधिकारों से युक्त निर्वाचन आयोग हो ।

**3. आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्र से आप क्या समझते है ? स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** संविधान द्वारा "लोकसभा और विधान सभा" के कुछ निर्वाचन-क्षेत्र अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार के लिए आरक्षित कर दिया गया है। इन निर्वाचन क्षेत्र में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार ही चुनाव में उतर सकते हैं। इसे ही आरक्षित निर्वाचन-क्षेत्र कहते हैं। अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सीट पर केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीट पर केवल अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार ही चुनाव के लिए नामांकन कर सकते हैं।

**4. आचार संहिता के मुख्य प्रावधान क्या हैं?**

**उत्तर-** आचार संहिता के मुख्य प्रावधान निम्नलिखित हैं-

a. चुनाव के प्रचार के लिए किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग नहीं किया जाएगा ।

b. सरकारी वाहनों, विमानों और सरकारी अधिकारियों का चुनाव प्रचार में उपयोग नहीं किया जाएगा ।

c. चुनाव की घोषणा के बाद सरकार द्वारा कोई भी नीतिगत फैसला नहीं लिया जाएगा एवं कोई योजना का शिलान्यास नहीं किया जाएगा ।

**5. चुनावों के दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी क्या काम नहीं कर सकती है ?**

**उत्तर-** चुनावों के दौरान कोई भी उम्मीदवार या पार्टी निम्नलिखित कार्य नहीं कर सकती है –

a. मतदाता को प्रलोभन, घूस या धमकी देना।

b. जाति या धर्म के नाम पर वोट मांगना ।

c. चुनावी अभियान में सरकारी साधनों का इस्तेमाल।

d. लोकसभा चुनाव में एक क्षेत्र में 25 लाख या विधानसभा क्षेत्र में 10 लाख से ज्यादा खर्च।

e. चुनाव प्रचार के लिए किसी धर्मस्थल का प्रयोग।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**1. भारत के निर्वाचन आयोग के अधिकारों का वर्णन करें।**

**उत्तर-** भारत निर्वाचन आयोग एक स्वतंत्र और बहुत ताकतवर चुनाव आयोग है। इसे न्यायपालिका के समान आजादी प्राप्त है।दुनिया के शायद ही किसी 'चुनाव आयोग' को भारत निर्वाचन आयोग जितने अधिकार प्राप्त है जो निम्नलिखित है-

a. निर्वाचन आयोग चुनाव की अधिसूचना जारी कर ने से लेकर चुनावी नतीजों की घोषणा तक, पूरी चुनाव प्रक्रिया के संचालन के हर पहलू पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्णय लेता है।

b. यह आदर्श चुनाव संहिता लागू करता है और इसका उल्लंघन करने वाले उम्मीदवारों और पार्टियों को सजा देता है।

c. चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग सरकार को दिशा-निर्देश मानने का आदेश दे सकता है। इसमें सरकार द्वारा चुनाव जीतने के लिए चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग रोकना या अधिकारियों का तबादला करना भी शामिल है।

d. चुनाव ड्यूटी पर तैनात अधिकारी सरकार के नियंत्रण में न होकर निर्वाचन आयोग के अधीन काम करते हैं।

e. अगर चुनाव अधिकारियों को लगता है कि कुछ मतदानकेंद्रों पर या पूरे चुनाव क्षेत्र में मतदान ठीक ढंग से नहीं हुआ है तो वे वहाँ फिर से मतदान का आदेश दे सकता हैं।

**2. भारत में चुनावी नतीजे साबित करते है कि "भारत में चुनाव स्वतंत्र और निष्पक्ष होते हैं।" स्पष्ट करें।**

**उत्तर-** लोकतंत्र में चुनाव "स्वतंत्र और निष्पक्ष" हो यह बहुत ही अवश्यक

है। तभी सही मायने में लोगों की जीत होती है। चुनाव "स्वतंत्र और निष्पक्ष" होने का आखिरी पैमाना उसके नतीजे होते हैं।भारत में चुनाव स्वंत्रत और निष्पक्ष होते हैं, यह निम्नलिखित रूप से स्पष्ट होता है –

a. भारत में शासक दल, राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर होने वाले चुनाव अक्सर हारते रहे हैं। पिछले' पंद्रह वर्षों में भारत में जितने चुनाव हुए हैं उनमें से प्रत्येक तीन में से दो में सत्ताधारी पार्टियों चुनाव हारी हैं।

b. अमेरिका में मौजूदा चुना हुआ प्रतिनिधि शायद ही कभी चुनाव हारता है। इसके विपरीत भारत में निवर्तमान सांसदों और विधायकों में से आधे चुनाव हार जाते हैं।

c. भारत में वोट खरीदने में सक्षम पैसे वाले उम्मीदवार हों या आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार, उनका भी चुनाव हारना बहुत आम है।

d. कुछ एक अपवादों को छोड़ दें तो अक्सर हारी हुई पार्टी भी चुनाव के नतीजों को जनादेश' मानकर स्वीकार कर लेती है।

e. चुनाव-संबंधी कार्यों को संपादित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग को अत्यधिक अधिकार प्राप्त हैं।

**3. भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की क्या-क्या चुनौतियाँ हैं?**

**उत्तर-** बुनियादी रूप से भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव होते हैं। लोगों का समर्थन प्राप्त राजनीतिक पार्टी ही चुनाव जीत कर सरकार बनाती है। इतना होते हुए भी भारतीय लोकतंत्र के सामने, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की कई चुनौतियाँ हैं।

**जो निम्नलिखित हैं –**

a. ज्यादा रुपये-पैसे वाले उम्मीदवार और राजनीतिक पाटियाँ गलत तरीके से चुनाव जीतने का प्रयास करते हैं। कई बार वे धन-बल के द्वारा चुनाव जीत भी जाते हैं। इससे अन्य उम्मीदवारों या पार्टियों की स्थिति चुनाव में कमजोर हो जाती है।

b. देश के कुछ इलाकों में आपराधिक पृष्ठभूमि और संबंधों वाले उम्मीदवार दूसरों को चुनाव मैदान से बाहर करने और बड़ी पार्टियों के टिकट पाने में सफल होने लगे हैं।

c. अलग-अलग पार्टियों में कुछ एक परिवारों का जोर है और उनके रिश्तेदार आसानी से टिकट पा जाते हैं।

d. कई बार प्रमुख पार्टियों की नीतियाँ और व्यवहार एक से होते हैं। इससे आम आदमी के लिए चुनाव में कोई ढंग का विकल्प' नहीं होता है।

e. बड़ी पार्टियों के चुनाव प्रचार, धनबल आदि के तुलना में छोटे दलों और निर्दलीय उम्मीदवारों को कई तरह की परेशानियाँ उठानी पड़ती है।